उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ – 226006

पत्र संख्या: ए–203/2021(भर्ती) **दिनांक:** मई 14, 2026

कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ के समसंख्यक कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.05.2026 के अनुसार प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉंत्रिक) पद पर चयनित अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांकः 11.05.2026 से आरम्भ किया जाना निर्धारित कर विभिन्न माध्यम से सर्वसम्बन्धित को सूचित किया गया।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 11.05.2026 को आगमन नहीं किया गया है तथा विभिन्न कारण दर्शाते हुए प्रशिक्षण केन्द्र में विलम्ब से आगमन की अनुमति सम्बन्धी प्रत्यावेदन प्रेषित किये जा रहे हैं।

ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्हें नियुक्ति पत्र निर्गत किया जा चुका है, को आधारभूत प्रशिक्षण हेतु विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में आगमन करने हेतु **तिथि 23.05.2026 निर्धारित** की जाती है। **इसके पूर्व सर्वसम्बन्धित का बायोमेट्रिक सत्यापन दिनांक 23.05.2026 को उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ में कराया जायेगा।**

अतः सर्वसम्बन्धित अपने आवण्टित प्रशिक्षण केन्द्र पहुँचने से पूर्व बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु दिनांक **23.05.2026 को समय 10.00 बजे उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ** में नियुक्ति पत्र में अंकित अभिलेख/सामग्री के अतिरिक्त निम्नलिखित अभिलेख/सामग्री के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें–

1. लिखित परीक्षा प्रवेश पत्र (मूलरूप में)
2. नियुक्ति पत्र
3. आधारकार्ड (मूलरूप में)
4. पासपोर्ट साइज में नवीनतम फोटाग्राफ की 04 प्रति
5. राजकीय चिकित्सालय का मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र, जो दिनांकः 06.05.2026 के बाद की तिथि का हो।
6. मेस एडवांस की **नकद धनराशि रू0 6000/–**
7. सेवायोजित अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा सेवा से त्यागपत्र स्वीकार किये जाने सम्बन्धी आदेश की प्रति। *सेवायोजित विभाग से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कार्यमुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश की प्रति स्वीकार नहीं की जायेगी।*

उक्त अभिलेखों (कमांक–04 व 06 को छोड़कर) की दो–दो स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ साथ में लाना आवश्यक है।

14.5.26

(राजेन्द्र कुमार)
राज्य रेडियो अधिकारी (प्रशिक्षण)
उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर लखनऊ।